सेवा में

आदरणीय चेयरपर्सन महोदय,
मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन0जी0टी0)
नई दिल्ली।

**विषय– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन0जी0टी0) को प्रेषित शिकायत दिनाक–28.06.2021 के कम में ओ0ए0 सं0–411/2021 देवेश चन्द्रा बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 को समाप्त किये जाने के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

अवगत कराना है की बरेली नगर निगम के वार्ड 31 कटघर क्षेत्र में किला ओवरब्रिज की 170 बर्ष पुरानी पुलिया की मरम्मत एवम किला नदी में कूड़े डालने एवम कूड़े में आग की शिकायत सीएम पोर्टल पर एवं मा0 एन0जी0टी0 में मेरे द्वारा की गई थी।

मा0 एन0जी0टी0 नई दिल्ली द्वारा अद्योहस्क्षारी की शिकायत के निराकरण हेतु ओ0ए0 सं0–411/2021 "देवेश चन्द्रा बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0" के अन्तर्गत दिनाक–31.01.2022 को शिकायत के निराकरण सम्बन्धी आदेश पारित किये गये है।

तदोपरान्त उपरोक्त शिकायत कें निराकरण हेतु नगर निगम बरेली द्वारा किला नदी के पुल की साइड वाल की ब्रिक/आर0सी0सी0 से मरम्मत कराकर पक्का कराया गया तथा नदी मे कूडा डालने से रोकने के लिये पुल की साइड वॉल पर लोहे के एगल लगवा कर दोनो तरफ जाल/चादर लगाये जाने का कार्य प्रगति पर है।

इस प्रकार नदी में कूड़े डालने के सारे रास्ते बंद कर दिए गए है। नदी के साइड में कूडा डालने वाली जगह पर वाउण्ड्रीवॉल/गेट लागवाकर वृक्षारोपण करते हुये छोटा सा पार्क भी बनाया जा रहा है।

नगर निगम बरेली द्वारा मेरी शिकायत दिनाक–28.06.2021 में उल्लिखित सभी बिन्दुओ पर समाधान कर दिया गया है और उस समाधान से मैं पूर्ण संतुष्ट हूं।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि ओ0ए0 सं0–411/2021 देवेश चन्द्रा बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 को समाप्ति के आदेश पारित करने की महान् कृपा करे।

धन्यवाद सहित सादर!

दिनांक 26/04/2022

भवदीय,

26/04/2022

देवेश चन्द्र
(सामाजिक कार्यकर्ता)
किला रेलवे फाटक
किला बरेली यूपी
मो0 नं0–8909417547

प्रतिलिपि– नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम, बरेली की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

देवेश चन्द्र
(सामाजिक कार्यकर्ता)

Latter with pad